## खबर संक्षेप

### तुअर विक्रय करने अब 15 मई तक पंजीयन करा सकेंगे किसान

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा के मद्देनजर समर्थन मूल्य पर तुअर विक्रय करने के लिये पंजीयन कराने की अवधि पंद्रह दिन और बढ़ा दी गई है। समर्थन मूल्य पर तुअर का विक्रय करने किसान अब 15 मई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। इसके पहले शासन द्वारा तुअर उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की अवधि 20 अप्रैल से बढ़ाकर 30 अप्रैल की गई थी। समर्थन मूल्य पर तुअर के विक्रय हेतु जिले में तुअर की फसल लेने वाले किसानों से अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराने का आग्रह किया गया है, ताकि उन्हें उनकी उपज की अच्छी कीमत प्राप्त हो सके। राज्य शासन द्वारा रबी वर्ष 2024-25 में तुअर का समर्थन मूल्य 7 हजार 550 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जबकि जिले की मंडियों में तुअर का अधिकतम मूल्य 6 हजार 600 रुपए प्रति क्विंटल के करीब ही प्राप्त हो रहा है। समर्थन मूल्य पर तुअर फसल की दर बाजार में वर्तमान में प्रचलित प्रति क्विंटल दर से अधिक है। इसलिए किसान भाइयों को समर्थन मूल्य पर तुअर बेंचने पर अधिक फायदा है। किसान भाई सभी जरूरी दस्तावेज ले जाकर इन केंद्रों में 15 मई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे।

### मार्ग की स्वीकृत नही मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**सिलौंडी।** सिलौंडी उपतहसील में आयोजित कलेक्टर जनसुनवाई में सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय के नेतृत्व में सभी पंचों और ग्रामीणों ने सिलौंडी सहकारी समिति सोसायटी के पास से बसेहरा मार्ग गनहन मार्ग जिसकी लंबाई लगभग 1.5 किलोमीटर है। निर्माण लागत अधिक होने के कारण हर मार्ग ग्राम पंचायत नही बना सकती है । गनहन मार्ग में लगभग 200 किसानों का रोज आना जाना होता है । पूरा मार्ग जर्जर हालत में होने के कारण किसानों को बहुत दिक्कत होती है ।सबसे अधिक दिक्कत बारिश के मौसम में होती है । पूरे मार्ग में पैदल आना जाना भी बंद हो जाता है गांव के किसान राम लाल काछी ,रामनाथ राय ,रविंद्र काछी सहित अनेक किसानों ने ग्राम पंचायत में मार्ग बनाने आवेदन दिया । उपसरपंच राहुल राय सहित ग्रामीणों ने जल्द से जल्द मार्ग को स्वीकृत कराने की माग की है ।

### हादसे में घायल हुए किशोर व युवक की मौत

**कटनी।** हादसे में घायल दो लोगों की मौत हो गई। घटना कुठला व कैमोर थाना क्षेत्र में हुईं। जानकारी के अनुसार कुठला थाना अंतर्गत हुए 30 मार्च को हुए सड़क हादसे में एक किशोर घायल हो गया था। उसका इलाज मेडीकल अस्पताल जबलपुर में चल रहा था। पुलिस ने बताया कि अभिषेक चौधरी 17 निवासी शास्त्री चौक रंगनाथनगर सड़क हादसे में घायल हो गया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे मामले में कैमोर थाना अंतर्गत अमेहटा के पास हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। अनिल कुमार नामदेव 22 वर्ष निवासी नन्हवारा कला थाना कैमोर घायल हो गया था। पुलिस ने दोनों ही मामलों को विवेचना में लिया है।

### अलग अलग स्थानों से अवैध शराब जब्त

**कटनी।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार रीठी पुलिस ने कैना में कमलेश गड़ारी के पास से 18 पाव प्लेन शराब जब्त की। इसी तरह बरही पुलिस ने ग्राम सुतरी में संतोष पटेल के पास से 16 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की। इधर माधवनगर पुलिस ने पडुआ मोड झिंझरी में राजा रैदास के पास से 20 पाव देशी प्लेन शराब, उमरियापान पुलिस ने ग्राम भसेड़ा में बबलू सिंह के पास से 5 लीटर कच्ची शराब, ढीमरखेड़ा पुलिस ने ग्राम सलैया में सोनी के पास से 5 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। सभी आरोपितों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### पानी के लिए ग्रामीण और किसान परेशान, नर्मदा नहर भी नहीं बचा पानी

# नदी-नाले और तालाब का पानी भी सूखा, गहराने लगा है जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



गर्मी के इन दिनों में सूरज की तपन बढ़ती जा रही है। उमरियापान-ढीमरखेड़ा क्षेत्र में नदी-नाले और तालाब सूख चुके है। नदियों में कही भी पानी नहीं दिखाई दे रहा है।नदियां सूखकर मैदान पर तब्दील हो गई है। ऐसे में नदी किनारे बसे गांवों को भी निस्तारी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।गांवों में जलसंकट गहराने लगा है।ग्रामीणों की परेशानी सामने आने लगी है।जानवरों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। पालतू जानवरों को तो किसी प्रकार पानी मिल भी जाता है। परंतु जंगली जानवर जीव जंतु पानी के लिए भटक रहे हैं।पानी के अभाव में न जाने कितने पशु पक्षियों के साथ जीव जंतु दम तोड़ रहे हैं।

#### बढ़ने लगा है भटकाव

उमरियापान-ढीमरखेड़ा तहसील में बेलकुण्ड, सिलपरा, मौरी और दतला नदी के अन्य नालों और जलाशयों से तहसील के अलावा सटे हुए क्षेत्रों में पानी पहुँचता हैं। जल स्तर ऊपर बना रहने से गांवों में पानी जल्दी पहुँच जाता था। अभी जब पानी की नितांत आवश्यकता है, तब पानी के सभी स्त्रोत सूख चुके है। सैकडों गांवों के किनारे से होकर बहने वाली नदियों में पानी की बूंद नहीं रही है। इस कारण जल का स्तर भी नीचे पहुँच गया है। पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है। ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। किसानों को भी फसलों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। प्राकृतिक पानी के स्त्रोतों से जुड़े तालाब भी पूरी तरह सूख चुके हैं। यही हाल नर्मदा नहर का है, इस बार तो विभाग ने गर्मी के दिनों में नहर को पूरी तरह से बंद कर दिया है। नहर पूरी तरह से सूखी पड़ी है।नहरों में पानी न होने की वजह से माइनरें सूखी पड़ी हैं। ग्रामीण क्षेत्र में जानवरों के पीने के लिए पानी का संकट दिनोंदिन गहराता जा रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्षों पहले नदियों में पानी पूरे साल भरा रहता था। जिसके कारण जलस्तर भी अच्छा रहता था। अब पूरी तरह से नदियों के सूख जाने से हालात खराब है। नदियों से होना वाला निस्तार हो बन्द हो ही गया है इसके साथ जो किसान नदियों के किनारे सब्जियां लगाते थे, वह भी पूरी तरह से बंद है।

ढीमरखेड़ा जनपद क्षेत्र में मनरेगा के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर पानी के संचय व संरक्षण के लिए तालाब निर्माण व गहरीकरण, नहरनाली निर्माण, कंटूर ट्रेंच आदि कार्य कराए गए। करोड़ों रुपये फूंकने के बाद शासन-प्रशासन द्वारा पानी बचाने किए जा रहे प्रयास पर्याप्त साबित नहीं हो रहे। साल दर साल भू-जल स्तर नीचे जाते जा रहा है। पौधारोपण अभियान भी जोर-शोर से चलता है, लेकिन उन पौधों को पेड़ बनाने ध्यान नहीं दिया जाता।शासकीय कार्यालयों सहित स्कूलों में अनिवार्य रूप से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया, लेकिन चार महीने में छतों के पानी को सिस्टम बनाकर जमीन तक पहुंचाने की पहल टूट-फूटकर कबाड़ में तब्दील हो गई।



## बैठक में पेयजल समस्या के निराकरण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत की सामान्‍य प्रशासन समिति की बैठक में पिछले वित्तीकय वर्ष में कार्यालय में किये गये व्‍य्‍य एवं आगामी वित्तीय वर्ष में अनुमानित व्‍य्‍य पर चर्चा उपरांत अनुमोदन किया गया। जिला पंचायत अध्‍यआक्ष सुनीता मेहरा की अध्‍य0क्षता में आयोजित सामान्‍यय प्रशासन समिति की बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत की मौजूदगी में जिले की पेयजल समस्‍या्ओं पर विस्‍तृतत चर्चा की गई।

सामान्‍या प्रशासन समिति के सदस्‍योंं द्वारा पेयजल समस्‍याओओं की जानकारी दिए जाने पर लोक स्‍वाकस्‍य्‍ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा पेयजल समस्‍याय के निराकरण हेतु हर संभव उपाय करने की जानकारी दी गई। बैठक में 15वें वित्‍त आयोग की कार्य योजना वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत निटर्रा, जनपद पंचायत रीठी में शामिल कार्य सामुदायिक भवन में स्‍टा-म्‍पे शुल्‍की की राशि एवं अभिसरण का अनुमोदन किया गया।

जिला पंचायत के मुख्‍य कार्यपालन अधिकारी श्री गेमावत ने बैठक में लिये गये निर्णय के बारे में संबंधित अधिकारियों को पालन हेतु आवश्यिक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत उपाध्‍ययक्ष अशोक कुमार विश्वाकर्मा, जिला पंचायत सदस्‍यण सर्व अजय गोटिया, कविता पंकज राय, रीना राकेश लोधी एवं माला मौसी उपस्थित रहे।

**बहोरीबंद तहसील सबसे अव्वल तो बड़वारा सबसे पीछे**

## अब तक 11 हजार 740 किसानों से 77 हजार 84 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 85 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 11 हजार 740 किसानों से 77 हजार 84 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

#### उपार्जन में बहोरीबंद अव्वल

गेहूँ खरीदी के मामले में बहोरीबंद तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 2876 कृषकों से 18 हजार 982 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। गेहूँ उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील दूसरे स्थान पर है। जहां 2867 किसानों से 17 हजार 440 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया है। वहीं तीसरे स्थान पर जिले की विजयराघवगढ़ तहसील है। जहां 1679 किसानों ने 12 हजार 102 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है।

इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील गेहूँ खरीदी के मामले में जिले में चौथे स्थान पर है। जहां 1197 किसानों ने 8 हजार 916 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा रीठी तहसील जिले में पांचवे स्थान पर है। जहां के 1116 किसानों ने 6 हजार 727 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है।

#### बड़वारा में सबसे कम खरीदी

बरही तहसील छठवें पायदान पर है। जहां अब 800 किसानों ने 4 हजार 618 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। वहीं कटनी ग्रामीण एवं कटनी नगर संयुक्तं रूप से सातवें स्थाँन पर हैं। जहां अब तक 589 किसानों ने 4 हजार 492 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। जबकि बड़वारा तहसील के 616 किसानों ने 3 हजार 808 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। इस प्रकार बड़वारा गेहूँ उपार्जन के मामले में जिले में अंतिम पायदान पर है।

### छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र व ट्राफी से किया सम्मानित




माधवनगर स्थित शिकागो पब्लिक स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्ष और उल्लास के साथ छात्रों व उनके अभिभावकों की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र—छात्राओं को आकर्षक उपहार व ट्राफी, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम गत सत्र 2023—24 को कक्षा 5 मे प्रथम स्थान नारंग, द्वितीय पल रोचवानी, तृतीय श्रेयांश पांडे को तथा कक्षा 8 के प्रथम स्थान चिराग पोपटानी, द्वितीय दीपिका सिरवानी, तृतीय रितिक नारंग को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में वर्ष 2024—25 मे भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों का सम्मान किया गया। शाला की प्रथम कक्षा नर्सरी मे अंशिका, रुबेन व कृषिका को, केजी1 मे प्राची आहूजा, पूर्वी सेन और समायरा बी को, केजी2 में तनिशा देवानी, आरोही दुबे, पियूष और अविरल शुक्ला को सम्मानित किया गया।

**ढीमरखेड़ा के मुरवारी उपार्जन केंद्र का मामला, किसान ने शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग**

## उपार्जन केन्द्रों में मनमानी, किसानों से लिया जा रहा दो किलो ज्यादा गेहूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



गेंहू खरीदी केन्द्रों में इन दिनों केंद्र प्रभारियों द्वारा जमकर अनियमितता बरती जा रही है। ऐसे में किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे है। मुरवारी उपार्जन केंद्र में तौल के साथ 2 किलो अतिरिक्त उपज लेने का मामला सामने आया है। यहाँ प्राथमिक विपणन सहकारी समिति मर्यादित उमरियापान के द्वारा खरीदी की जा रही है। किसान ने ढीमरखेड़ा पहुचकर अधिकारियों को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। सनकुई निवासी किसान नवीन कुमार बैरागी ने तहसीलदार को दी शिकायत पर बताया कि 24 अप्रैल को वह गेंहू की तौलाई कराने पहुंचा।किसान ने बताया कि खरीदी केंद्र प्रभारी सुरेंद्र बर्मन के द्वारा 51 किलो 200 ग्राम की तौल के साथ 2 किलो अतिरिक्त गेंहू लिया जा रहा है। मना करने पर उपज के रुपये नहीं मिलने की धमकी दी जा रही है। किसान ने बताया कि ऑपरेटर द्वारा अब तक तौलाई गई उपज की एंट्री भी नहीं की गई है। इस संबंध में ढीमरखेड़ा एसडीएम विन्की सिंह मारे का कहना है कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

**जिले के दो विकासखंडों में चल रहे 13 निर्माण कार्य**

## निर्माण कार्य पूर्ण कराने 33 लाख 30 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने 15वें वित्त आयोग मद से जिले के 2 विकासखंडों में 13 निर्माण कार्य पूर्ण कराने 33 लाख 30 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इन सभी कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायतों को बनाया गया है।

#### यहां चल रहे कार्य

जारी प्रशासकीय स्वीकृति के मुताबिक विकासखंड कटनी के ग्राम जरवाही नाली निर्माण हेतु 5.50 लाख रूपये, ग्राम पंचायत खडौला में साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य के लिए 1 लाख रूपये और ग्राम पंचायत डिठवारा एवं सरसवाही में तालाब सुधार एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 2-2 लाख रूपये, ग्राम पंचायत खमतरा में शंकर तालाब सुधार एवं सौंदर्यीकरण के लिए 1.50 लाख रूपये, शिवमंदिर के पास स्टा पडेम सौंदर्यीकरण कार्य ग्राम पंचायत टेडी के लिए 3 लाख रूपये एवं ग्राम पंचायत केवलारी मेनरोड के पास तालाब सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार हेतु 2 लाख 50 हजार रूपये स्वीकृत किया गया है।

#### नाली का हो रहा निर्माण

इसी प्रकार विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सलैयाकोहारी में नाली निर्माण के लिए 5.50 लाख रूपये, ग्राम पंचायत पौनिया के हडकोहरी में नाली निर्माण के लिए 2 लाख रूपये, ग्राम पंचायत खरखरी में नाली निर्माण के लिए 2 लाख रूपये, ग्राम पंचायत खजुरा में सामुदायिक रंगमंच के पास पानी निकासी कार्य के लिए 2 लाख रूपये एवं ग्राम पंचायत बंजारी में तालाब घाट एवं सौन्द यीकरण के लिए 4.30 लाख रूपये की राशि स्वीपकृत की गई है।

जिला पंचायत के सीईओ गेमावत ने प्रशासकीय स्वीकृति आदेश में कहा है कि प्रथम किश्त के रूप में प्रदाय राशि का उपयोग कर लिये जाने पर द्वितीय किश्त के मांग पत्र के साथ कार्य स्थल के 4 फोटोग्राफ्स एवं क्रियान्वयन ऐजेंसी द्वारा माप पुस्तिका की अभिप्रमाणित छायाप्रति, प्रशासकीय स्वीकृति आदेश की छायाप्रति तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र जो कि उपयंत्री, सहायक यंत्री, सरपंच एवं सचिव द्वारा प्रमाणित हो, प्रस्तुोत करने पर द्वितीय किश्ता जारी होगी। इसके अलावा प्रशासकीय स्वीकृति की राशि से अधिक व्यय किसी भी दशा में मान्य नहीं किया जायेगा तथा अतिरिक्त राशि आवंटित नहीं की जायेगी। क्रियान्वयन ऐजेंसी का उत्तरदायित्व होगा कि स्वीकृत कार्य पूर्ण कराकर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्रेषित करें।

### किसानों को भुगतान में न हो परेशानी, गेहूं का तत्काल कराएं परिवहन

## निर्माणाधीन खेत तालाब व खरीदी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने लोक सुनवाई सह जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्यांयें सुनने के बाद ग्राम पंचायत बरनमहगवां में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जयचन्द्र साहू के खेत में निर्माणाधीन खेत तालाब का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।

कलेक्टकर ने पूरी गुणवत्ता से तालाब के निर्माण के निर्देश देते हुये कहा कि इस खेत तालाब के बन जाने के बाद हितग्राही इसमें मछली पालन और सिंघाड़े की खेती कर अतिरिक्तप आय अर्जित कर सकेंगें। मौके पर मौजूद जनपद पंचायत बड़वारा के सीईओ प्रदीप सिंह ने बताया कि मनरेगा के तहत निर्माणाधीन खेत तालाब की लागत 1 लाख 47 हजार रूपये है। कलेक्ट र ने निर्माणाधीन तालाब की प्रगति और गुणवत्ताप की सराहना की।

इस दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई जनपद सीईओ बड़वारा प्रदीप कुमार सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी डॉ. अजीत सिंह और तहसीलदार बरही नितिन पटेल मौजूद रहे।

#### खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

कलेक्टर श्री यादव ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति विलायतकला उपार्जन केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां पर खरीदी केन्द्रद मे आया हुआ गेहूँ व्यवस्थित रूप से तिरपाल में ढका मिला। खरीदी प्रभारी लखन पटेल ने बताया कि विलायतकला खरीदी केन्द्र में अब तक 12 हजार 607 क्विंटल गेहूँ खरीदा जा चुका है। कलेक्टरर श्री यादव ने यहां किसानों के भुगतान की जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि किसानों के भुगतान में कोई दिक्कत नहीं है। कलेक्टनर श्री यादव ने उपार्जित गेहूँ का तत्काल परिवहन सुनिश्चित कराने की हिदायत दी। इस दौरान बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर और नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह मौजूद रहीं।

## मारपीट करने के मामले में आरोपी को 6 माह का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

गालियां देकर मारपीट करने वाले एक प्रकरण में न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने आरोपी को 6 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण पर तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।प्रकरण में पैरवी एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने किया।

#### यह है घटना

एडीपीओ ने बताया कि 19 मई 2020 को दोपहर साढ़े 3 बजे उमरियापान थाना क्षेत्र के बारगांव निवासी सत्येन्द्र पटेल गांव में भगवान शंकर जी के मंदिर के पास लगे हैंडपंप में पानी भरने गया था।वहीं पर गांव का केशलाल रजक मिला। कोरोना महामारी चल रही थी तो सतेंद्र के यह पूछने पर कि उसका लड़का दो दिन पहले महाराष्ट्र से काम कर वापस लौटा है तो चैक अप कराये हो कि नहीं। इसी बात को लेकर केशलाल ने सत्येन्द्र को गाली गलौज कर धारदार हथियार से मारपीट कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में युवक को चोटें आ गई थीं।

पीड़ित ने घटना की शिकायत उमरियापान पुलिस थाने में की थी। इस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। मामला न्यायालय में चल रहा था। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा ने निर्णय सुनाते हुए आरोपी केशलाल रजक को धारा 294 के अपराध में 3 माह का सश्रम कारावास और 500 रुपए जुर्माना एवं धारा 324 के अपराध में 6 माह सश्रम कारावास और 2500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

**खबर संक्षेप**



## कोतवाली परिसर में वॉटर कूलर किया गया स्थापित

**कटनी।** बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा इस वर्ष की भीष्म गर्मी में लोगों को शीतल पेय जल उपलब्ध कराने हेतु पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के मुख्य आतिथ्य में कोतवाली परिसर में वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय बहादुर सिंह डीएसपी एवं संस्था के सदस्य श्रीमती काशी विश्वकर्मा, रविकांत राय, राजेश चौधरी, माया गुप्ता, संगीता बर्मन, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी सहितrराधा विश्वकर्मा सहित समस्त सदस्यों की उपस्थिति रही।

## विषाक्त पदार्थ के सेवन से किशोरी की मौत

**कटनी।** जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने से एक किशोरी की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए जब अस्पताल लेकर जा रहे थे तो रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घटना स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत धरवारा ग्राम की है। बताया जाता है कि कक्षा किशोरी ने बुधवार को अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे पहले शासकीय जिला चिकित्सालय ले गए, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्स्कों ने उसे जबलपुर रिफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही खुशी नें दम तोड़ दिया। किशोरी के पिता नें बताया कि वह 9वीं कक्षा में पढ़ाई पास करके 10वी कक्षा में गईं थी। इस तरह का गंभीर कदम उठाए जाने का अंदेशा भी परिवार को नहीं था, खुशी ने अज्ञात कारणों के चलते इतना बड़ा कदम उठा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिवार को सौंप दिया। परिवार इस घटना से गहरे सदमे में है और उनके घर में मातम पसरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और परिवार के बयान दर्ज होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया।

## मजदूरों को मिठाई वितरण कर मनाया मजदूर दिवस

**कटनी।** आम आदमी पार्टी द्वारा मजदूर दिवस पर गल्ला मंडी व बस स्टैंड मे कार्यरत श्रमिकों के मध्य पहुँचकर मिठाई वितरण कर मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। व देश के विकास मे श्रमिकों के योगदान हेतु आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर दवारा व्यक्त किया गया कि मजदूरों के बिना किसी भी देश के विकसित राष्ट्र बनने की कल्पना कोर कागज के समान है। देश की सुरक्षा मे जितना सहयोग सेना का है। उतना ही देश के नवनिर्माण मे मजदूरों का सहयोग है। कार्यक्रम के दोरान जिलाध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर, प्रकाश जैन, शिवप्रताप सिंह परमार, करण दहिया, काशी पटेल, अर्जुन कुशवाह, सूर्य प्रकाश पटेल आदि साथी उपस्थिति रहे।

## एमजीएम में मुंह के कैंसर का सफल ऑपरेशन व इलाज

**कटनी।** एम.जी.एम. अस्पताल के मैक्सिलोफेशियल हेड एण्ड नेक विभाग में मरीज भूरिया प्रसाद चौधरी 38 वर्ष ने जॉच करवाई। जॉच में मुंह का कैंसर पाया गया जो काफी आगे की स्टेज में पहुँच गया था। कैंसर में आधे से ज्यादा निचला जबड़ा और होंठ शामिल थे। मरीज कई महीनों से जबलपुर में भटकता रहा क्योंकि उसको एडवांस स्टेज कैंसर की सर्जरी के लिए मना कर दिया गया था। मरीज को बीमारी और इलाज के बारे में विस्तार से बताया गया और कई डॉक्टरों की टीम ने एक बड़ी सर्जरी की जिसमें निचले जबड़े के साथ कैंसर को हटा दिया गया और चेस्ट फ्लैप से सर्जरी करके उसका पुनर्निमाण किया गया।
आयुष्मान योजना के तहत पूरी सर्जरी पूरी तरह से मुफ्त की गई। मरीज अब ठीक हो रहा है और रेडियोथेरेपी की योजना बनाई जा रही है।

### बार बार बदल रहे मौसम से हालत हो रही खराब, मरीजों की बढ़ी तादाद

# अजब गजब मौसमः चिलचिलाती धूप तो कभी हल्की बारिश बढ़ा रही उमस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आज कल मौसम का हर रोज अपना रंग बदल रहा है। कभी चिलचिलाती धूप तो कभी बादल छा जाते हैं तो कभी आंधी तूफान कहर मचाता है। अजब गजब मौसम के बीच लोगों की हालत पतली हो रही है। बादल छा जाने एवं हल्की बारिश के बाद मौसम में थोड़ी के लिए राहत तो मिलती है लेकिन उमस भरी गर्मी बेचैन कर देती है। जैसे ही मौसम साफ होता है तेज धूप और उमस के बीच घर के अंदर एवं बाहर सुकून नहीं मिलता। गुरूवार सुबह तेज धूप रही, दोपहर तक आसमान पर बादल छा गए और बूंदाबांदी हुई। इस बीच उमस वाली गर्मी ने आमजन को परेशान कर दिया। यह सिलसिला बीते एक हफ्ते से चल रहा है। गुरूवार की दोपहर सूरज और बादल के बीच लुका-छिपी का खेल शुरू हुआ और दोपहर में हल्की बारिश हुई। बारिश के बाद और उमस बढ़ गई है। हालांकि बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन



उमस से राहत नहीं मिल रही। गुरूवार को हुई बारिश से लोग उमस और चिपचिपाहट से परेशान दिखे। गर्मी के साथ उमस ने लोगों की मुश्किल को और बढ़ा दिया है। उमस के आगे पंखा और कूलर की हवा भी फेल होती दिखी। मौसम की तल्खी को देखकर लोगों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। घने बादलों को देखकर लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि अच्छी बारिश होगी तो काफी हद तक राहत मिलेगी, लेकिन हल्की बारिश ने उमस और बढ़ा दी। जिले में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा। अगर बीच बीच में हल्की बारिश होती रही तो इससे चिपचिपाती गर्मी से और परेशानी बढ़ जाएगी।

मौसम को देखते हुए डाक्टरों का कहना है कि इस दौरान सावधानियां बरतने आवश्यक है वरना मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। विशेषकर बच्चों और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले व्यक्तियों के लिए, गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं बन सकती हैं। इन स्थितियों का सही ढंग से प्रबंधन करने से न केवल मरीज की स्थिति में सुधार होता है, बल्कि अन्य जटिलताओं से भी बचा जा सकता है। उल्टी और दस्त के विभिन्न कारण हो सकते हैं। इनमें संक्रमण, विषाक्त भोजन, दवाओं के साइड इफेक्ट्स, और अन्य मेडिकल स्थितियाँ शामिल हैं। पेट के अंदर जीवाणु, वायरस या परजीवी हो सकते हैं जो पाचन तंत्र को प्रभावित करते हैं और उल्टी और दस्त का कारण बनते हैं।

डाक्टरों का कहनाहै कि लोगों को उल्टी दस्त की बीमारी से नहीं घबराने और उपचार का परामर्श दिया है। जब दस्त होता है, तो यह महत्वपूर्ण है कि उसे तुरंत रोकने की कोशिश न की जाए। दस्त शरीर का प्राकृतिक तरीका है जिससे यह संक्रमण या विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। अगर आप दस्त को विशेष दवाओं के माध्यम से तुरंत रोकने की कोशिश करते हैं, तो पेट में मौजूद जीवाणु या विषाणु की संख्या बढ़ सकती है। यह अंततः आंतरिक अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है और अधिक गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। उल्टी को नियंत्रित करने के लिए कुछ घरेलू उपाय और मेडिकल उपचार होते हैं। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि उल्टी दस्त का कारण क्या है।



## काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन के आह्वान पर गुरूवार को बैंक मित्रो ने काली पट्टी बांधकर कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सुबह बैंक मित्र कलेक्ट्रेट के सामने एकत्रित हुए इसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। बैंक मित्रों ने भोपाल आरबीआई कार्यालय को भेजकर बैंकों पर लक्ष्य पूरा करने के संबंध में दबाव दिए जाने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन दिया था। ज्ञापन में बताया गया था कि 1 मई को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में बैंक मित्रों को समाजिक सुख, बीमा योजनाओं के नाम पर कंपनियों और बैंकों द्वारा बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव व आईडी बंद करने की धमकियों के खिलाफ यह विरोध किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसी महत्वकांक्षी योजनाओं को कराने के लिए बैंक मित्रों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। यदि लक्ष्य पूरे नहीं होते तो आईडी बंद करने की धमकी दी जाती है। बैंक मित्रों ने कहा कि में इन योजनाओं के महत्व को भलीभांति समझते हैं लेकिन यदि किसी खाताधारक पास पहले से ही किसी अन्य बैंक के माध्यम से बीमा योजना है तो उसे दोबारा बीमा कराना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि बिना खाताधारक की सहमति के बीमा कराना भी नियम विरुद्ध है। इसके बावजूद बैंक प्रतिदिन लक्ष्य देकर दबाव बना रही हैं, इसे रोका जाना चाहिए।

*रीठी थाना क्षेत्र में तीन साल पहले हुई थी वारदात*

## हत्या के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हत्या के एक मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। रीठी थाना क्षेत्र के प्रकरण में हत्या करने वाले आरोपी ज्ञान सिंह गौंड, भारत सिंह गौंड एवं नारायण सिंह गौंड को धारा 302/34 भादवि में आजीवन कारावास एवं दोदो हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुरेंद्र कुमार गर्ग द्वारा की गई।

मीडिया सेल प्रभारी ने बताया गया कि 3 जुलाई 22 को थाना रीठी में अज्ञात मर्ग की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की। घटना स्थल ग्राम इमलिया में मृतक मदन सिंह गौड़ निवासी ग्राम इमलिया का शव पाया। मृतक के पुत्र पुष्पेन्द सिंह से पूछताछ की गई जो बताया कि 2 जुलाई 22 के सुबह करीबन 10 बजे मदन सिंह गौड गांव के ज्ञान सिंह गौड की कार गाडी मे बैठकर गांव के अन्य लोगों के साथ गांव की अनीता चौधरी के चुनाव चिन्ह दोपत्ती के प्रचार कार्य करने के लिए गया था। 3 जुलाई को सुबह 6 बजे प्रार्थी को गांव के ही अर्जुन सिंह गोंड द्वारा उसके पिता मदन सिह गोड का शव गोकुल सिंह गोंड के घर की सार के पास आम रोड पर पडा होने की जानकारी दी।

रीठी पुलिस ने ने कार्रवाई शुरू की। 5 जुलाई को मृतक मदन सिंह गौड के 2 जुलाई को गांव की अनीता चौधरी के प्रचार कार्य मे साथ जाने वाले संदिग्धों से - पूछताछ की गई। जो दौरान पूंछताछ - ग्राम इमलिया निवासी ज्ञान सिंह गोंड, - नारायण सिंह गोंड, भारत सिंह गोंड - के द्वारा मृतक मदन सिंह गोंड से - जमीन संबंधी विवाद एवं ज्ञान सिंह - गोंड के द्वारा दिए गए दो हजार वापिस - मागने की बात को लेकर हुए विवाद - के कारण उक्त तीनों आरोपियों द्वारा - मृतक की हत्या करना स्वीकार - किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

जांच में साक्षियों के कथन - लेखबद्ध किए गए। जिन्होंने अपने कथनों मे मृतक मदन सिंह गोड़ एवं आरोपी ज्ञान सिंह गोड़ के बीच पुराने - जमीनी विवाद का होना बताए। एवं - ज्ञान सिंह के द्वारा मृतक को पैसे देने की बात बताई। उक्त जमीनी विवाद के संबंध मै आवश्यक दस्तावेजी साक्ष्य संकलित करते हुए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से 5 दस्तावेज प्राप्त किया गया, जिससे प्रमाणित हुआ कि वर्ष 2017 मे मृतक मदन सिंह गोंड एवं आरोपी भारत सिंह गोंड के पिता मस्तराम ड सिंह गोंड निवासी इमलिया के मध्य जमीन बटवारे संबंधी विवाद था। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपीगण ज्ञान सिंह गौंड, भारत सिंह एवं नारायण सिंह द्वारा अपराध घटित करना प्रमाणित पाए जाने से आरोपीगण के विरुद्ध अभियोग पत्र र तैयार किया जाकर न्यायालय में प्रेषित किया गया।

### बरही में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा




बरही बाबा विजयनाथ धाम की नगरी बरही में अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम तहसील ब्राह्मण समाज बरही द्वारा मनाया गया जिसमें बरही एवं आसपास के गांव जिसमे छिंदहाई पिपरिया ,नदावन, पिपरिया कला, सलैया सिहोरा, कुआं, गैरतलाई, इटौरा समेत कई गांवों से सैकड़ों विप्रजन और माताओं और बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के शुरुआत में कन्या पूजन के बाद, भगवान परशुराम का पूजन अर्चन के बाद संगठन के महत्व और विश्व कल्याण के लिए ब्राह्मणों के योगदान पर विभिन्न वक्ताओं ने प्रकाश डाला कार्यक्रम का सफल संचालन नवयुवक मंडल अध्यक्ष प्रवीण त्रिवेदी डब्बू ने किया।। इसके बाद शोभा यात्रा राम मंदिर से बाजार होते हुए विजयनाथ धाम तक निकाली गई।

## माता पिता का साया छिनने के बाद संबल योजना बनी नन्हीं आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जीवन में कई बार विपरीत परिस्थितियाँ आकर हमें तोड़ने की कोशिश करती हैं, लेकिन सही समय पर मिला सहारा नई राह दिखा सकता है। ऐसी ही एक कहानी है, आशियाना की। आशियाना जिले के पिलौंजी गांव की रहने वाली 11 वर्ष की बच्ची है। जिसके सिर से मां-बाप का साया छिनने के बाद मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना ने न केवल सहारा दिया, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित किया।

आशियाना अपने माता-पिता की संतानों में बड़ी बेटी है। उसकी एक छोटी बहन भी है। खेलने-कूदने और पढ़ने की उम्र में आशियाना के जीवन में पहली चुनौती तब आई जब उसकी मां का साया उसके सिर से छिन गया। जैसे-तैसे उसके पिता अवधेश प्रसाद अवस्थीं अपनी दोनों बच्चियों का लालन-पालन कर रहे थे। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। एक दिन अचानक अवधेश की तबियत बिगड़ गई। उन्हेंछ उल्टीी-दस्तथ होने लगे। आनन-फानन में उन्हें। कटनी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उनकी तबियत में खास सुधार नहीं हुआ। आराम न मिलने पर उन्हें जबलपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान अवधेश ने दम तोड़ दिया। इस घटना ने परिवार को आर्थिक और भावनात्मक रूप से तोड़ दिया।

अवधेश अवस्थी् का नाम मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना 2.0 में पंजीकृत था। उनकी मृत्यु के बाद योजना के तहत मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 2 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि आशियाना अवस्थीह के खाते में जमा कराई। इस राशि से दोनों बच्चियों के भविष्य को संवारने में मदद मिलेगी। आशियाना के दादाजी सुरेन्द्रो प्रसाद अवस्थीर कहते हैं कि ''पहले बहू फिर बेटे की मृत्यु के बाद हम टूट चुके थे। मुझे इन बच्चियों के भविष्य। की चिंता खाये जा रही थी। यह राशि हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब मैं दोनो बच्चियों की पढ़ाई को बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकता हूँ। यह सहायता हमें फिर से जीने की ताकत दे रही है।₹ उन्हों ने आगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उनके जैसे कई असहाय परिवारों को फिर से अपने पैरों पर खड़े होने का मौका दिया है। संबल योजना से न केवल आर्थिक सहायता दी, बल्कि एक टूटे हुए परिवार को फिर से खड़ा करने में मददगार बनी।

*श्रमिकों को मिलने वाली निःशुल्क सहायता योजना की दी गई जानकारी*

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर 1 मई को महाकौशल फैक्ट्री कटायघाट वरगबां में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शिविर में उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुये प्रत्येक मजदूर से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आव्हान किया। उन्होंमने कहा कि यदि उन्हें अपने अधिकारों को संरक्षित करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।



उन्हों्ने श्रमिकों को टोल फ्री नं. 15100 के बारे में बताते हुये म.प्र. शासन द्वारा श्रमिकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हौंने श्रमिकों को अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिये भी कहा। उन्होंयने यह भी कहा कि यदि रजिस्ट्रेशन कराने में किसी श्रमिक को कोई समस्या आती है, तो वे श्रम कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### योजनाओं की दी जानकारी

शिविर में हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा श्रमिकों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ तहसील स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक प्राप्त है। इस अवसर पर श्रम अधिकारी केबी मिश्रा, लेबर ऑफीसर एसपी सिंह, आराधना तिवारी पैरालीगल वालेंटियर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहें।

### कलेक्टर ने बरनमहगवां पहुंच कर, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

# कॉलेज के पास संचालित हो रही शराब दुकान को हटाने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने विकासखण्डर बड़वारा के ग्राम पंचायत बरनमहगवां में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंच कर, ग्रामीणों की समस्याोयें सुनी। यहां 91 आवेदकों ने कलेक्टर श्री यादव को अपनी समस्यामयें सुनाईं, जिस पर कलेक्टंर ने अधिकारियों को इनके निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान ज़िला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलाई, तहसीलदार बरही नितिन पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

लोकसुनवाई के दौरान बड़वारा विधायक ने माध्य मिक शाला रूपौंद में पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका की ओर से कलेक्ट र श्री यादव को आवेदन देते हुये बताया कि शिक्षिका श्रीमती नीलम मिश्रा ने अपने एनपीएस खाते से आंशिक निकासी



हेतु 17 मार्च 2025 को आवेदन किया था। परंतु राशि एनपीएस खाते से तो कट गई परंतु बैंक खाते में नहीं आई। कोषालय कार्यालय कटनी में भी कई बार संपर्क करने पर कार्यालय द्वारा इस ओर ध्या न नहीं दिया गया। इस पर कलेक्टुर श्री यादव ने जिला कोषालय अधिकारी को शिकायत के उचित निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत हदरहटा निवासी रामस्वंरूप काछी पिता जगदीश प्रसाद काछी ने कलेक्टेर श्री यादव को आवेदन देते हुये कहा कि मेरी भूमि जिसका खसरा नं. 479/2 है। इस भूमि में विगत 10 वर्षों से 50 यूके लिप्टिस के पेड़ मौजूद है, जो कि वर्तमान खसरे में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। इन्हेंष खसरे में प्रदर्शित करवाना चाहता हूँ। इस पर कलेक्टरर श्री यादव ने एसडीएम को मौके का निरीक्षण करवाकर स्थिति अनुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बरही कम्प्यूटर साइंस एण्ड जर्नलिज्मन इंस्टीनट्यूट के छात्र- छात्राओं ने कलेक्टजर श्री यादव को आवेदन देते हुये कॉलेज के पास संचालित हो रही शराब दुकान को वहां से दूर हटवाने की मांग की। जिस पर कलेक्ट्र श्री यादव ने जिला आबकारी अधिकारी को शिकायत पर निर्धारित समयावधि में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बरनमहगवां निवासी जानकी बाई पति स्वा. दनई राम ने आवेदन देते हुये कहा कि मेरी आर्थिक स्थिति अच्छीं नहीं है एवं मेरी आजीविका का साधन पेंशन है। मेरे घर में औसत से अधिक बिजली का बिल आ रहा है इसलिए मेरा बिल माफ करवायें। जिस पर कलेक्टनर श्री यादव ने बिजली विभाग को निश्चित समय-सीमा मे नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य आवेदक बरनमहगवां निवासी फूल सिंह गोड़ ने भी बिजली का बिल माफ करने हेतु कलेक्ट र श्री यादव को आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टुर श्री यादव ने बिजली विभाग को समय-सीमा में उचित निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम खन्नाा निवासी 48 वर्षीय हैरिसन जूलियस ने आवेदन देते हुये कलेक्टरर श्री यादव को बताया कि मैं दोनों कानो से श्रवण बाधित विकलांग हूँ। मैं लोगों के घरों से जहरीले जीव-जन्तु पकड़कर लोगों की जान बचाता हूँ एवं बदले में जो राशि मुझे मिलती है मैं इसी से अपना एवं भांजे का जीवनयापन करता हूँ।

पिछले वर्ष वन विभाग द्वारा जहरीले सांप, अजगर एवं बंदर आदि पकड़ने के लिए मुझे रखा गया था। परंतु मुझे अचानक निकाल दिया गया है। जिससे जीवनयापन कठिन हो गया है। मुझे इस कार्य के अतिरिक्तद अन्यह कोई कार्य नहीं आता। इसलिए मुझे वापस वन विभाग में रखवायें। जिस पर कलेक्ट र श्री यादव ने वनमंडलाधिकारी को निश्चित समय-सीमा में समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए।

## भगवान की प्रतिमा ही चोरी कर ले गए चोर

**कटनी।** चोर बदमाश घर, दुकान, प्रतिष्ठान, स्कूलों के साथ अब मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। उमरियापान गांव में भगवान विष्णु की दुर्लभ मूर्ति चोरी हो गई है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जनपद सदस्य शैलेंद्र पौराणिक ने बताया कि दो साल पहले तालाब खुदाई के दौरान दुर्लभ भगवान विष्णु की प्रतिमा निकली थी। बीती रात अज्ञात कुछ बदमाशों ने चोरी कर लिया। घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने आगे बताया कि गांव में लगातार घरों और दुकानों में चोरी की वारदात होती रही है। लेकिन अब तो चोरों ने मंदिर तक को नहीं छोड़ा और भगवान की प्रतिमा चोरी कर ली। पुलिस प्रशासन ने अगर जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

## जरारूधाम गौ-अभ्यारण में पंच-सरपंच सम्मेलन उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं जल गंगा संर्वधन अभियान तहत कार्यक्रम सम्पन्न

# सम्मेलन में पंच-सरपंच, जनपद सदस्यों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों का आभास होता हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पंच-सरपंच, जनपद सदस्यो से संवाद 01 साल से नहीं हो पा रहा था। जिन जिलो में जा रहे हैं, वहां एक जगह पर पंच-सरपंच, जनपद सदस्यों का सम्मेलन कर रहे हैं। सम्मेलन में पंच-सरपंच, जनपद सदस्यों को उनके अधिकारो, कर्तव्यों का आभास होता हैं। इस आशय की बात प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जरारूधाम गौ-अभ्यारण में आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं जल गंगा संर्वधन अभियान के दौरान कही। मंत्री श्री पटेल ने कहा पंच-सरपंच पंचायत की इकाई होते हैं। उन्होंने कहा कल धार से मुख्यमंत्री डॉं मोहन यादव जी ने संबल की राशि 600 करोड़ सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांरित की हैं। अभी विभाग के पास 700 करोड़ का बजट है, 21 दिन के भीतर वही तारीख के साथ जब राशि अंतरित की जायेगी तो मार्च तक का सारा शेष प्रकरणों का निराकरण हो जायेगा। उन्होंने कहा इसके बाद जो दुर्घटना होगी 24 या 48 घंटे में हितग्राही को चेक पहुँचाने का काम किया जायेगा।

मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा पिछले वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान 1 माह का था और इस वर्ष 03 माह का है, इस बात के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करता हूॅं। उन्होंने कहा पिछले वर्ष पौधेरोपण पर पूरे राज्य में प्रतिबंध लगाया गया था कि जो व्यक्ति पौधे को जीवित रख सके, वही पौधेरोपण कार्य करेगा। उन्होंने पंच-सरपंचों से कहा हम सभी अपनी पंचायत के लिए पूरी जिम्मेदारी निभाए। श्री पटेल ने कहा अब आगे ढ़ाई साल धन राशि की कमी आड़े नहीं आयेगी। अपनी पंचायतों में अच्छा कार्य करें। अच्छा कार्य करने वालों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि भी मिलेगी। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल जी का धन्यवाद करना चाहता हूँ, उन्होंने जल गंगा संवर्धन योजना के तहत पथरिया विधानसभा क्षेत्र में पंच-सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा पंच-सरपंच एक ऐसी कड़ी है, जो सरकार की योजना को जमीन पर उतारने के लिये सबसे निचली ईकाई और सबसे मजबूत ईकाई है। जल गंगा संवर्धन योजना का महत्त्व ये है, हम जल संवर्धन और संरक्षण करें। हर साल 50-100 फिट नीचे पानी चला जा रहा है, क्योंकि हम उसको संधारित नहीं कर रहे हैं, सिर्फ निकाल रहे हैं।

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत भविष्य में हम अपने गांव की किस प्रकार से योजना बनाये, अभी जो गर्मी के समय पानी के लिए दिक्कत आती है या हैंड पंपों का भी भू-जलस्तर नीचे चला जाता है, हैंडपंप में भी पानी आना बंद हो जाता है, वाटर रिचार्ज के माध्यम से ये सारे काम किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी पंच, सरपंच सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करता हूॅं। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश की डॉं मोहन यादव सरकार पूरी ईमानदारी से कार्य कर रही है। सांसद श्री लोधी ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस बात का आग्रह आप सभी से सिंग्रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में किया था कि कितनी विषम स्थिति आ जाए, कितनी दिक्कत आ जाए पर अपनी खेती की जमीन नहीं बेचना है, क्योंकि आने वाले 10 वर्षों में केन-बेतवा लिंक और छोटे-छोटे बांध बांधकर छोटी-छोटी नदियों को जोड़ के बुंदेलखंड के एक-एक गांव में पीने और खेतों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का काम मध्यप्रदेश सरकार करेगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा त्रिस्तरीय पंचायती राज की सबसे छोटी इकाई सरपंच होता है, सबसे पहले ग्रामीणजन सरपंचों के पास अपनी समस्या लेकर जाते हैं, जनता के छोटे-मोटे काम, उनका विकास, नया काम सबसे पहले सरपंच द्वारा किया जाता है। अध्यक्ष श्रीमती पटेल ने कहा आज आपको इसीलिए बुलाया गया है कि आपकी जो भी समस्या है, आपके विकास कार्य में जो भी रुकावटे आ रही है, उनका निराकरण किया जाये। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा आप सभी लोग सरपंच-पंच के नाते यहाँ पर बैठे हैं, जरारूधाम स्थल गौ-अभ्यारण के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा सबसे पहले सरपंच की भूमिका गांव के विकास की होना चाहिए, गांव में रहने वाले बुजुर्ग, गरीब और बच्चों के लिए योजनायें आ रही है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, नरेंद्र व्यास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, गोपाल पटेल, गौरव पटेल, नरेन्द्र बजाज, कपिल शुक्ला, धर्मेंद्र कटारे, राजू ठाकुर, सुशील गुप्ता, नर्मदा एकता सिंह, सुमन मिश्रा, अनीता खरे, रश्मि साहू, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया, सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमेश गुप्ता एवं सरपंच संघ जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह, इंजीनियर अमर सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे और आभार जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल ने किया। कार्यक्रम में विधि विधान से पूजन परियोजना अधिकारी डॉं प्रकाश गौतम ने किया।

# विद्यार्थी परिषद ने जल मंदिर का किया शुभारंभ



हटा। आखिल भारतीय विद्यार्थी नगर इकाई हटा द्वारा श्री राघवेंद्र सिंह हजारी शासकीय महाविद्यालय हटा में सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से शीतल पेय जल के लिए ₹जल मंदिर₹ का शुभारंभ किया गया ताकि राहगीरों और विद्यार्थियों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके। जिसका उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पी के ढाका द्वारा किया गया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बांस की लकड़ी एवं घांस-फूस एकत्रित करके अथक परिश्रम से इस मंदिर का निर्माण कर प्रकृति संरक्षण का भी संदेश दिया।भाग संयोजक अजीत विश्वकर्मा ने बताया कि हर वर्ष परिषद के द्वारा प्रकृति संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियां हम लोग करते हैं जैसे सकोरा अभियान, नदी घाट एवं मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान, बरसात के समय पौधारोपण ताकि हमारे आसपास का परिवेश स्वच्छ एवं हरा भरा बना रहे। जल मंदिर उद्घाटन के दौरान हिंदी विभाग प्राध्यापिका आशा राठौर, डॉ राहुल राहुल चौधरी, डॉ विनय वर्मा एवं अन्य महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी परिषद के हटा पटेरा भाग संयोजक अजीत विश्वकर्मा, नगर मंत्री निखिल रजक, नगर महाविद्यालय अध्यक्ष अखिलेश पटेल, मयंक राय, शांतनु खटीक, गजेन्द्र रजक रितिक डिम्हा एवं विद्यार्थी परिषद के अन्य सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# 20 हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि की वितरित

### नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षदों की उपस्थिति में हुआ आयोजन



हटा। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों के मृत होने उपरांत परिवारजनों को अनुग्रह सहायता राशि का हितलाभ का सिंगल क्लिक कार्यक्रम बुधवार को धार जिले के उमरबन में आयोजित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत हितग्राही परिवारों को वर्ष 2025-26 की पहली किश्त की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर की। उन्होंने इस अवसर पर संबल योजना के तहत मजदूर हितग्राही परिवारों के खाते में भी राशि ट्रांसफर की। इसके अलावा उन्होने कार्यक्रम में प्रदेश के 27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों को 600 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका लाइव प्रसारण कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद हटा द्वारा दिखाया गया जिस दौरान हटा नगर विभिन्न वार्डों के 20 हितग्राहियों को 40 लाख की सहायता राशि के स्वीकृति पत्र नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक,उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक साहित्य अन्य पार्षदों द्वारा वितरित किए गए कार्यक्रम के दौरान पार्षद कैलाश ताम्रकार (वार्ड पार्षद), पार्षद प्रतिनिधि हरिशंकर साहू ,मुन्ना लाल अहिरवार, रीतेश अग्रवाल, लखन कोरी एवं नगर पालिका सी एम ओ राजेन्द्र कुमार खरे, रण प्रताप सिंह , कुलदीप पटेल, रवि सोनी, अखलेश राय एवं समस्त नगर पालिका कर्मचारियों की उपस्तिथि रही।

## पहलगांव आतंकी हमले में दिवंगत पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि...

# संजू बघेल के भजनों को सुनने उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा




भगवान परशुराम जी की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार की रात्रि नगर की ब्राह्मण समाज धर्मशाला प्रांगण में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में महाकौशल की सुप्रसिद्ध विख्यात भजन गायिका संजू बघेल व दीप्ति बघेल ने अपने भजनों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में श्री राधा कृष्ण,सीताराम और हनुमान जी की आकर्षक झांकियां भी सजाई गई जिसमें शानदार अभिनय नृत्य प्रस्तुति से देर रात तक लोगो का भरपूर मनोरंजन किया गया।

### पूज्य जै जे सरकार की भी उपस्थिति

भगवान परशुराम जी जयंती के अवसर पर भजन संध्या कार्यक्रम में मंहत श्री रामअनुग्रह दास जी महराज छोटे सरकार जी की उपस्थित रही जहां ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित महेश पुरानी सहित सभी ने आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में हटा विधायक उमादेवी खटीक ने सर्व ब्राह्मण समाज का अभिनंदन करते हुए कहा कि ब्राह्मण हमेशा से पूज्यनीय है, ऐसा कार्यक्रम बहुत ही अद्भुतीय है। पंडित श्री सतीश शुक्ला आबकारी ठेकेदार रीवा के माध्यम से सर्व ब्राह्मण समाज की धर्मशाला के लिए 51 हजार की राशि दी गई कार्यक्रम के अंत में ब्राह्मण समाज के लोगो ने पहलगांव आतंकी हमले में दिवंगत पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई।

# हज़ बैतुल्लाह के लिये रवाना, प्रमुख मार्गों पर इस्तकबालिया जुलूस निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



नगर के जनाब रफीक खान मासाब व उनकी अहलिया साजदा बेगम एवं जनाब बहादुर रहमान व उनकी शरीक- ए- हयात अफसाना बेगम बृहस्पतिवार को नमाज जुहर के बाद हज़ बैतुल्लाह के लिये रवाना हुये। ये जबलपुर से कल मुम्बई पहुंचेगे। इसके बाद हवाई जहाज से मदीना शरीफ (सउदी अरब) पहुंचेगे। इस मौके पर डीजे , बाजे- गाजे, आतिश बाजी, नाते पाक पढ़ते हुये उनके घर से बस स्टेण्ड चौराहे तक एक यादगार इस्तकबालिया जुलूस निकाला गया। इस मौके पर जायरीन हजरात जनाब रफीक खान मासाब ने कहा कि- अल्लाह ने अपने हबीब के सदके में हमें व मेरी शरीक- ए- हयात साजदा बेगम को हज़ बैतुल्लाह जाने का मौका दिया है। अल्लाह पाक ये मौका सबको अता फरमाए। साथ ही उन्होंने कहा कि, इंसा अल्ला हम मक्का मदीना में जाकर सभी अरकान पूरा करेंगे । साथ ही अपनी बस्ती ,अपने वतन एवं तमाम दुनिया -ए- आलम के इंसानों की खुशी, एकता,भाईचारा, अमन, शांति, सदभाव, खुशहाली, तरक्की, कामयाबी, उम्रदराजी की दुआ करेंगे। उन्होंने हज़ बैतुल्लाह की कामयाबी के लिए सभी से दुआ तलब की है। इस्तकबालिया जुलूस में बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोग मौजूद रहे।

### वैष्णव माता विधि महाविद्यालय के एलएलबी संकाय के छात्रों ने किया जिला न्यायालय का विजिट

हरिभूमि न्यूजः पन्ना

वैष्णव माता विधि महाविद्यालय पन्ना के एलएलबी तृतीय वर्ष छटवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय जाकर विजिट करने का प्रावधान है जिसके तहत महाविद्यालय के द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से अनुमति प्राप्त कर दिनांक 29 व 30 अप्रैल 2025 को छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय संचालक अंकुर त्रिवेदी व एडवोकेट रामलखन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय पन्ना का विजिट किया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभारी प्राचार्य राजकुमार सेन, सहायक प्राध्यापक बृजकिशोर त्रिपाठी, श्रीमती रिचा तिवारी, अतुल पाण्डेय के साथ जिला न्यायालय पहुंचकर न्यायालयीन प्रक्रिया को जाना। कोर्ट विजिट के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा न्यायालय में विभिन्न प्रकरणों पर चल रही कार्यवाही को समझा व जाना।

# कथा ही सार है बाकी जीवन माया का पर्दा है : किशोरी वैष्णवी गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से दसोंदी धाम द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ, जिसे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास किशोरी जी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है।

उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना व रुकमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान किशोरी जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया।महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठवें दिन कथा स्थल पर रूकमणी विवाहउत्सव के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल नंद के लाला अर्थात श्री कृष्ण जी को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत में भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया। उन्हें भार्या के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया, रुक्मणी विवाह प्रसंग पर आगे कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है।

मुख्य यजमान -दसोंदी धाम एवं समस्त ग्रामबासी ने आप सभी से कथा श्रवण करने की अपील की है। शुक्रवार को श्री कृष्ण सुदामा चरित्र होगा । कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग के यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें।कथा का समय दोपहर 3 बजे से श्रीहरि इच्छा तक।

## अक्षय तृतीया को दान दिवस के रूप में मनाया

**दमोह**। अखिल भारतीय महिला परिषद कार्यकारिणी संभाग नशिया शाखा दमोह ने 30 अप्रैल 2025 अक्षय तृतीया को दान दिवस के रूप में मनाया। शाखा के सदस्यों ने नशियां मंदिर के सामने राहगीरों, ऑटो रिक्शा चालक आदि को इक्छु रस का वितरण किया एवं आज के महत्व से लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम में संभागीय संरक्षिका एवं प्रांतीय विशिष्ट अधिकारी रोहिणी जैन, प्रांतीय संरक्षिका चंद्रप्रभा जैन, प्रांतीय चेयरपर्सन रोशनी जैन, प्रांतीय चेयरपर्सन कविता जैन, शाखा अध्यक्ष समता जैन, कोषाध्यक्ष रश्मि जैन के साथ, तरु जैन, पदमा जैन, डॉली जैन, दिशा जैन, आशा जैन, नीता जैन, रानी जैन और समीक्षा जैन की उपस्थिति रही।



# सेवानिवृत्त सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया





शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय सीएम राइज केमपस 2 पथरिया में विगत दिवस सेवानिवृत्त शिक्षक कुंजीलाल पाली का सम्मान समारोह विघालय प्रांगण में आयोजित किया गया कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना पुष्प माला व चंदन तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ खिलान अहिरवार अध्यक्ष जनपद पंचायत, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि उदयभान पटेल, विशिष्ट अतिथि याशिक अहमद कुरैशी जिला जनसंपर्क अधिकारी, नन्हें सिंह ठाकुर सहायक संचालक शिक्षा दमोह,राम भरत कटारे सीईओं जनपद पंचायत, राजकुमार लड़िया परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास,महेंद्र जैन प्रांतीय उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ भोपाल, प्रवेंद्र जैन सचिव, कमलेश सेन जिलाध्यक्ष, अरविंद पटेल ब्लाक अध्यक्ष पथरिया मध्यप्रदेश शिक्षक संघ दमोह, एम.एल.भारद्वाज संकुल प्राचार्य, एस.डी.खरें व्याख्याता उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया, के.पी.बिदौलिया प्राचार्य सीएम राइज स्कूल, सुभाष जैन प्राचार्य म.ल. कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल पथरिया एस.के.जैन प्राचार्य किन्द्रहों, राजेश जैन प्राचार्य नवीन हाईस्कूल, राघवेन्द्र सिंह प्राचार्य बिलानी, जे.के.जैन बीआरसी पथरिया, जिला योग प्रभारी द्वारका प्रसाद करकरें, मुन्ना पटेल एबीआरसी,जनशिक्षक बृजेश तिवारी, रवि जैन, प्रधानाध्यापक अवधेश बड़गैया, डी.पी.पटेल,डॉ अवधेश सिंह ठाकुर मेडीकल आफीसर,डॉ जुगराज पटेल, मदन पटेल फार्मासिस्ट, राजकुमार भार्गव,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया, ललित पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष, पुरूषोत्तम खटीक, वीरेंद्र दुबे उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नगर परिषद पथरिया, सगीर खान, रतन यादव, परशुराम मिश्रा, शाला संस्था से सुदेश नायक, अजय कोरी,लक्ष्मण सिंह ठाकुर,कुसुम खटीक,रजनी अहिरवार, गुलाब गौड़,हेमंत खटीक नगर के पत्रकारों में श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष संजय जैन, अजय सराफ, मुकेश राठौर,रामनारायण रिछारिया, रोहित जैन, प्रबल सोनी, रामकृष्ण पटेल,पुरूषोत्तम पटेल,शारदा कोरी,दिलीप पटेल, यशवंत जैन,हरिश्चंद्र पटेल,धर्मेन्द्र पटेल रहें। उक्त कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क अधिकारी द्वारा गुरु के महत्व प्रतिपादित करते हुए कहा कि शिक्षक कभी भी रिटायर नही होता, गुरु ही माता पिता बच्चों को सही मार्ग पर चलने की सदैव शिक्षा देते हैं। सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक कुंजीलाल पाली के 39 वर्षों के सफलतम कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पाली ने अनेक क्षेत्रों में कार्य किया शिक्षा के साथ साथ समाज सुधार पर काम करना भी वर्तमान समय में अति उत्तम कार्य किया। जमना जैन द्वारा श्री पाली के 39 वर्षों के सेवाकाल का सफलतापूर्वक कार्यों से समाज को प्रगति पथ पर लें जाना आज की विशेष महत्व बताया। शिक्षा के साथ साथ सामाजिक, संगठनात्मक जुझारूपन का परिचय दिया। नन्हें सिंह ठाकुर सहायक संचालक शिक्षा दमोह द्वारा शिक्षा के साथ साथ सेवाभाव संगठनात्मक शैली का मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की। प्राचार्य एम एल भारद्वाज द्वारा पाली के जीवन वृत्तांत के क्षणों को सफलतम होने की सीख दी। प्राचार्य सीएम राइज के पी विदौलिया द्वारा श्री पाली के सेवाकाल प्रारंभ से सेवा निवृत्त कार्यकाल का सफलतम सराहनीय कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए शाला परिवार के श्रेष्ठतम शिक्षक की उपाधि से सम्मानित कर शाला परिवार की सफलता का श्रेय प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन बृजेश तिवारी व पवन पटेल शिक्षक द्वारा किया गया।

### दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे की घटना
## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत
## गुस्साई भीड़ ने ट्रक में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर





दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर जबेरा थाना के गुबरा गांव में बुधवार की रात एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक भाग गया सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए और गुस्साई भीड़ ने ट्रक में आग लगा दी जिससे दमोह जबलपुर मार्ग पर यातायात बंद हो गया। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची परिजनों को समझाकर शव को जबेरा अस्पताल भिजवाया और आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक आग में जलकर खाक हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की बहन की बुधवार रात शादी थी और वह किसी काम से घर आया था।

जानकारी के अनुसार गुबरा गांव निवासी शिवम झारिया उर्फ सागर पिता कमलेश झारिया 24 की बहन की शादी बुधवार की रात थी रात करीब 11 बजे बारात लगने की तैयारी चल रही थी। गुबारा हेलीपेड के सामने उसका घर है और घर के सामने बारात पंडाल था। शिवम बाइक लेकर बारात पंडाल जा रहा था। इसी दौरान दमोह से जबलपुर की ओर जा रहे गेहूं से भरे। ट्रक चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक भाग गया। जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और कुछ देर बाद गांव के लोग भी एकत्रित हो गए। घटना रात करीब 11 बजे की है गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दी। जिससे पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया। करीब एक घंटे तक दमोह जबलपुर हाइवे पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग को बुझाया जब ट्रक की आग बुझी उसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हुई। उधर शादी की तैयारियां चल रही थी घर के कुछ लोगों की मौजूदगी में शादी संपन्न कराई गई।

पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक पर मामला दर्ज किया और जिन लोगों ने ट्रक में आग लगाई है उनकी भी जानकारी ली जा रही है। ट्रक में लगी आग सुबह तक धधकती रही। शव की जबेरा स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया है गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

### किशन तलैया में जलगंगा संवर्धन कार्य का हुआ शुभारंभ...
## छोटी नदियों को अगर बारहमासी कर दिया तो बड़ी नदियों का अस्तित्व बचा रहेगा - मंत्री श्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हमारा लक्ष्य क्या है और उस लक्ष्य में कितना प्राप्त करते हैं, पानी का मतलब सिर्फ स्त्रोत को ठीक करना नही हैं, पानी का मतलब हैं जहां से पानी ले वो चीजें हमारे पास बची हैं या नहीं हैं। बड़ी नदियों को यदि बचाना हैं तो छोटी नदियों को बारहमासी करने का मौका अभी हमारे पास हैं।। ये ऐसे काम नहीं है, जो एक बार में ही पूरे हो जाएंगे। पहले इस बात को हमारे दिमाग में बिठाना होगा। ये हमारे पुरखों ने बावड़ियां बनाई, कुएं बनाए है। हमें उन्हें सहजने का कार्य करना होगा। उद्देश्य बड़ा साफ है, छोटी नदियों को हमने अगर बारहमासी करदिरया तो बड़ी नदियों का अस्तित्व बचा रहेगा। इस आशय की बात प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्थानीय किशन तलैया में जलगंगा संवर्धन कार्य के शुभारंभ अवसर पर कही। मंत्री श्री पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलेगा। पिछले वर्ष 32 नदियों को जोड़ने का संकल्प लिया था इस बार संकल्प है, मध्यप्रदेश में नर्मदा बेसिन, गोदावरी बेसिन, गंगा बेसिन उसमें जाने वाली किसी भी नदी का उद्गम स्थल मध्यप्रदेश में है, उस तक पहुँचने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा सीधे नदी से पानी लेते है, तो एक भी बूँद पानी नही बचता ओर बाद में हम मवेशियों के लिये ट्यूबवेल से भरते है। गर्मी की फसल पर हम कितना अंकुश लगा सके इस दिशा में प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा ये सब चीजों के लिये कड़े कदम उठाने चाहिए सरकार इसकी अगुवाई कर रही हैं। श्री पटेल ने कहा कि फेसिंग का पैसा विभाग के पास नही होता लेकिन इस बार सरकार ने प्रावधान किया है, लगभग 200 स्थानों पर फेसिंग का पैसा देगें ताकि पौधे की सुरक्षा की गारंटी हो जाये, मनरेगा से गड्डे होते है, फारेस्ट से पौधा मिलता है, तीन साल का पौधा ले और तीन साल बचा ले फिर मान कर चलिये कि वो आपको देगा ही लेगा नही।

दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा जल गंगा संर्वधन अभियान प्रदेश सरकार की एक अभिनव पहल है। इस पहल में हम सबको जुड़ना है। सांसद श्री लोधी ने कहा मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल पूरे प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग जिलों में जा रहे हैं और जो नदिया 12 महीने पानी देती थी पर किन्हीं कारणों से मिट्टी भरने, पत्थर भरने या हमने वहाँ नाले, पुल, पुलिया बना दिया, स्टॉप डेम बना दी और बहुत सी अन्य प्रकार की गतिविधियों के कारण से वो नदिया अब जो बारहमासी नदिया थी, वो 6 महीने, 5 महीने में ही उनका पानी समाप्त हो जाता है। सांसद श्री लोधी ने कहा इस अभियान के माध्यम से हमारी जो नदियां बंद या पानी नहीं बचा उनका पुनः जीर्णोद्धार होगा। निश्चित ही जलस्तर सुधरेगा। उन्होंने कहा यह अभियान 30 जून तक चल रहा है, जनप्रतिनिधिगण सभी जगह पहुँच रहे हैं, आमजन मानस से आग्रह अपनी ग्राम पंचायतों, अपने वार्डों में जहाँ पर पानी के जलस्त्रोत हैं, जो 12 महीने आपको पानी देते रहे अब नहीं आ रहे, अभियान के तौर पर पूरे गांव के लोग लगे और वह बावड़ी हम साफ करें तो एक बेहतर पानी की व्यवस्था हो जाएगी।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, दमोह जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, हटा जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम पटेल, नरेन्द्र बजाज, गौरव पटेल, गोपाल पटेल, सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी, आलोक गौस्वामी, राजू ठाकुर, यशपाल ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमण्डलाधिकारी ईश्वर जराण्डे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम दमोह आरएल बागरी, भरत यादव, मौंटी रैकवार सहित आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे ने किया।

## अनियंत्रित होकर पलटे तीन वाहन कोई हताहत नहीं, वाहन हुए क्षतिग्रस्त





**तेंदूखेड़ा**। जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक में अलग अलग स्थानों पर तीन वाहन दुर्घटनाएं घटित हुई। जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन वाहन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। इन वाहनों में दो कार और एक ट्रक शामिल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर शादियों का सीजन होने के चलते के बसें फूल चल रहीं हैं जिसमें खड़े होने भी जगह नहीं हैं।

### यहां पलटी पड़ी कारें

पहली घटना बुधवार की शाम को जबलपुर मार्ग पर नरगवा के आगे हुई यह एक लग्जरी कार अचानक उतार में अनियंत्रित होकर सड़क छोड़ खाई में जा घुसी सूत्रों के अनुसार घटना के समय कार में तीन से चार लोग थे जो सुरक्षित निकले बताया जा रहा है लग्जरी कार जबलपुर से तेंदुखेडा आ रही थी मगर ने नरगवा की उतार में वह अनियंत्रित होकर जंगल में घुस गई।

दूसरी घटना गुरुबार की सुबह सुबह इमलिया चौकी अतर्गत ग्राम के कुछ ही दूरी पर हुई यह एक लाल रंग की शिप्ट कार सड़क छोड़ खेत में जा पहुंची कार में सवारों को चोट नहीं आई किंतु कार का अगला हिस्सा नीचे हो गया और पीछे का हिस्सा ऊपर उठ गया कार दमोह से होकर इमलिया मार्ग के बाद झापन की ओर आ रही थी उसी समय यह घटना हुई चौकी प्रभारी अक्षेंद्रनाथ के अनुसार घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### स्टेरिंग फेल पलटा ट्रक

गुरुबार की सुबह तीसरी घटना झलोन मार्ग पर हुई यह पर मुख्य मार्ग पर बगदरी और बमोहरी के बीच एक ट्रक मुख्य मार्ग पर पलट पड़ा था राहगीरों ने इसकी सूचना मीडिया को दी। बाद में घटना को लेकर जानकारी ली गई तो पता चला कि ट्रक सुबह पांच बजे के करीब पलटा है ट्रक में खाली शराब की बोलत भरी हुई थी जो उसको लेकर सागर से रायपुर जा रहा था ट्रक का अचानक स्टेरिंग फेल हो गया और पलट गया में सवार चालक को मामूली चोटे आई है।

## समझाइश देकर रुकवाया बाल विवाह



**दमोह**। हटा थाना क्षेत्र के एक गांव में बाल विवाह की सूचना पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, परियोजना अधिकारी शिव राय, हटा थाना पुलिस के साथ देर रात गांव मौके पर पँहुचे। लोगों को समझाइस देकर विवाह रुकवाया गया। प्रशासन को यहां एक किशोर की 21 वर्ष के पूर्व ही विवाह होने की सूचना मिली थी, जिस पर अधिकारियों ने बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए बार पक्ष को 21 वर्ष की उम्र से पहले विवाह नहीं करने की सलाह दी। अधिकारियों की समझाइस पर वरपक्ष विवाह नही करने को राजी हुआ।

### कार्यशाला 17 मई को

**दमोह**। फसल विवधिकरण एवं कृषि उद्यमिता को बढाने के लिये 17 मई 2025 को दोपहर 12 बजे से कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कार्यशाला के आयोजन हेतु बैठक की सम्पूर्ण व्यवस्थाऍं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह द्वारा की जाएगी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र से 5-5 प्रगतिशील किसान सहित उपस्थित होंगे। उक्त कार्यशाला में समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाये।

## युवा कांग्रेस के चुनाव निष्पक्ष कराये जायेंगे- तुल्ला रवि



**दमोह**। जिला स्तरीय युवा कांग्रेस के चुनाव को लेकर संभागीय प्रभारी जोनक रिटर्निंग अधिकारी जेड.आर.ओ तुल्ल रवि ने जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर युवा इकाईयों से मिलकर युवा कांग्रेस चुनाव की प्रक्रिया से अवगत कराया उन्होंने बताया कि आनलाइन नामांकन 27 अप्रैल से 6 मई तक होगे जो पूरे जिले के जो भी युवा जिलाअध्यक्ष अथवा शहर अध्यक्ष बनना चाहते है वह अधिक से अधिक नामांकन करवाये और चुनावी समर में भाग लें। मुख्य अतिथ्यि कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन एवं पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि जिले के सातो ब्लाको में पूर्व से ही सूचना पहुंचा दी गई है उनका मानना है कि युवाओं की सर्वाधिक भागेदारी दमोह जिले से ही होगी। राजेश तिवारी, भूपेन्द्र आजवानी, दिनेश रैकवार, अफजल खान, रफीक खान, मंजीत यादव, अरूण दुबे, रिंकू जैन, राकेश दुबे, अनुज ठाकुर, जावेद रोजान ने भी जोड. आर. ओ, का स्वागत करते हुए कहा कि राहुल गांधी जो की मंशानुसार जो युवा कांग्रेस के चुनाव निर्वाचन से कराये जा रहे है उससे नहीं युवा निकल कर आयेगा जो कांग्रेस के प्रति समर्पित है।

## प्राइवेट नर्सिंग होम किया जा रहा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



म.प्र. में नर्सिंग होम की स्थापना और संचालन के लिए राज्य सरकार द्वारा म.प्र. नर्सिंग होम एक्ट लागू किया गया है। म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाऍं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 नियम 1997 यथा संशोधन 2021 के तहत जिले में पंजीकृत सभी प्राइवेट नर्सिंग होम, हॉस्पिटल ,क्लीनिकों का निरीक्षण कलेक्टर द्वारा बनाए गए पृथक-पृथक 2 दलों द्वारा 29 अप्रैल से किया जा रहा है। अभी तक दल द्वारा दमोह हॉस्पिटल, चंदा जैन नर्सिंग होम, अरिहंत अस्पताल, आगम नेत्र चिकित्सालय, अथर्व क्लीनिक का निरीक्षण किया जा चुका है, जो सतत रूप से 15 मई तक जारी रहेगा। निरीक्षण दल द्वारा पंजीयन, लायसेंस की वैधता एवं नवीनीकरण की स्थिति, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ की योग्यता एवं पंजीयन, अग्नि सुरक्षा, भवन निर्माण अनुज्ञा सहित विद्युत और फायर ऑडिट की स्थिति के अलावा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और शुल्क संबंधी विवरण का प्रदर्शन, ऑपरेशन, लेबर रूम, एक्सरे, पैथोलॉजी, सोनोग्राफी व्यवस्था तथा सुरक्षा, साफ-सफाई एवं पार्किंग की व्यवस्था, दवा ,औषधि भण्डारण एवं संचालित मेडिकल स्टोर का रख-रखाव, भर्ती मरीजों, जन्मे बच्चों का रिकार्ड, किसी मरीज की मृत्यु की सूचना, संक्रामक बीमारियों का रिकार्ड निरीक्षण और सत्यापन, अभिलेख संधारण जैसी जानकारियों के आधार पर संस्थाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। निरीक्षण दल में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, नगरपालिका, विद्युत सुरक्षा, औषधि नियंत्रण एवं आयुष विभाग के अधिकारीगण शामिल हैं।

## अवैध रूप से निवासरत लड़कियों को हटाने की मांग, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम कलहरा खेड़ा एवं भाट खमरिया में अवैध रूप से निवासरत लड़कियों को हटाने की मांग को लेकर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह के नेतृत्व में भगवती मानव कल्याण संगठन ने जबेरा थाना प्रभारी के नाम सब इंस्पेक्टर गणेश दुबे को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि ग्राम कलहरा खेड़ा में डेरा वाले के मकान में लगभग 20 लड़कियां रहती हैं जो मंगरई निवासी यादव के द्वारा रखी गई है जिससे वहां आने जाने वालों की भीड़ लगी रहती है। इसी तरह पावर हाउस के पास कुछ लड़कियां रहती हैं जिन्हें नोहटा निवासी रैकवार के द्वारा रखा गया है साथ ही ग्राम भाट खमरिया में कुछ लड़कियां रहती हैं जिन्हें भाट खमरिया निवासी यादव के द्वारा रखा गया है। ज्ञापन में बताया गया कि यह लड़कियां शादी विवाह आदि में नाचने का काम करती हैं किंतु लगता है कि उनके द्वारा अनैतिक काम हो रहा है। विगत दिनों कलहरा खेड़ा से एक लड़की भाग गई थी जिसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि इनके अनैतिक कार्यों से यहां का माहौल खराब हो रहा है लड़ाई झगड़ा हो रहे हैं। अतः इनके कार्यों की जांच कर शीघ्र ही यहां से हटाया जाए। वहीं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने कहा है कि ग्राम कलहरा खेड़ा एवं भाट खमरिया में अलग-अलग स्थानों पर करीब 50 लड़कियां रह रही हैं जो नाचने का काम करती हैं जिससे सुनने में आया है कि इनके द्वारा अनैतिक कार्य भी किया जा रहा है जिससे वहां का माहौल खराब हो रहा है जिसको लेकर आज जबेरा थाना में ज्ञापन देकर इनकी जांच कर इन्हें शीघ्र वहां से हटाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से टीकाराम यादव, नरपत सिंह, वीरेंद्र सिंह, गन्नूलाल, छत्रपाल सिंह, सुखदेव सिंह लोधी, मानसिंह निरंजन सिंह सहित भगवती मानव कल्याण संगठन के अनेकों सदस्य मौजूद थे।

### नौकरी गांव में, और काम कर रहे शहर में...
## लाखों की लागत से निर्मित उप तहसील कार्यालय बना शोपीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद



ग्राम गैसाबाद में शसान द्वारा अनेक विभागों के कार्यालय तो खोल दिए हैं लेकिन उन कार्यालयो में बैठने के लिए कर्मचारी नहीं है, जिससे आम नागरिकों को परेशान होना पड़ रहा है विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा कार्यालयो का निरीक्षण नहीं किए जाने से निर्भय होकर शासकीय कर्मचारी अपनी मनमर्जी मुताबिक कार्य कर रहे हैं , ग्राम में पदस्थ अधिकांश कर्मचारी अपने मुख्यालय पर न रहकर हटा शहर में बैठकर शासकीय कार्य निपटा रहे हैं, ग्राम में लाखों रुपए की लागत से उपतहसील कार्यालय भवन तो बना दिया गया लेकिन तहसील कार्यालय में बैठने के लिए ना तो बाबू है और ना ही पटवारी, यह कार्यालय सिर्फ शोपीस बनकर रह गया है आज भी लोगों को अपने कार्य करने के लिए हटा तहसील कार्यालय को जाना पड़ रहा है, ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव भी हटा शहर से ग्राम पंचायत कार्यालय के लिए आते जाते हैं, सचिव के मुख्यालय पर नहीं रहने से लोगों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है यदि कोई पंचायत से संबंधित कार्य होता है तो लोगों को 27 किलोमीटर दूर हटा सचिव से मिलने जाना पड़ता है और वहां जाकर भी पता चलता है कि सचिव साहब घर पर नहीं है, ऐसे ही हालात शिक्षा विभाग के बने हुए हैं,गैसाबाद संकुल के खमरगोर, कचनारी, बुढवार, गरैह , संजयनगर, बलैह, एवं ग्राम का हाई स्कूल पूरे वर्ष भर शासन के नियम मुताबिक नहीं बल्कि बसो के टाइम टेबल से संचालित होते रहते हैं, पशु औषधालय में रामकृपाल बर्मन के रिटायरमेंट के बाद यह कार्यालय भी कभी कभार ही खुला हुआ देखा जा सकता है बाकी के समय लोग डॉक्टर के आने का इंतजार करते हैं , ग्राम बलेह के लोगों ने हरिभूमि को बताया कि बलैह हल्का के पटवारी मुख्यालय पर नहीं रहते हैं सप्ताह में एक आध दिन को ही ग्राम में आते हैं पटवारी के नहीं आने से हमें परेशानी हो रही है, शासकीय कर्मचारीयो के अपने मुख्यालय पर नहीं रहने से क्षेत्र वासियों को असुविधा हो रही है ग्रामीण जनों ने जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर महोदय से शासकीय कर्मचारियों को अपने मुख्यालय पर रहने के लिए आदेशित किये जाने की मांग की है।

**न्यायालय अपर आयुक्त**
**सागर संभाग सागर (म.प्र.)**
श्रीमति सकुन पत्नि अर्जुनसिंह कुर्मी
निवासी- ग्राम झागरी कबीरपुर तहसील
बटियागढ जिला दमोह म.प्र. - अपीलार्थी
बनाम
श्रीमति रीता पत्नि इन्द्रजीत पाठक
निवासी- शिक्षक कालोनी दमोह हाल
निवासी ग्राम सुनवाहा तहसील बटियागढ
जिला दमोह म.प्र. - प्रतिअपीलार्थीगण
**/ आम सूचना /**
एतत: द्वारा सर्व सवंधित को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में अपीलार्थी श्रीमति सकुन पत्नि अर्जुनसिंह कुर्मी निवासी ग्राम झांगरी कबीरपुर तहसील बटियागढ जिला दमोह म.प्र. द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पथरिया जिला दमोह के राजस्व प्रकरण क्रमांक-0088/अ-5/वर्ष - 2019-2020 में पारित आदेश दिनांक - 12-02-2020 से परिवेदित होकर इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है। जो पक्षकार की तलबी हेतु दिनांक-07-05-2025 को नियत है, इस आम सूचना के माध्यम से प्रतिअपीलार्थी-श्रीमति रीता पत्नि इन्द्रजीत पाठक, निवासी - शिक्षक कालोनी दमोह हाल निवासी ग्राम सुनवाहा तहसील बटियागढ जिला दमोह। म.प्र. को सूचित किया जाता है कि आप सूचना पेशी दिनांक-07-05-2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम इस न्यायालय में अपना पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित रहे, अन्यथा आपके विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वमं आपकी रहेगी।
**अपर आयुक्त**
**सागर संभाग, सागर (म.प्र.)**